# गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे ₹1,300 करोड़ का निवेश करेगी कैनपैक

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाला गंगा एक्सप्रेस-वे न सिर्फ प्रदेशवासियों के लिए कनेक्टिविटी बेहतर करेगा, बल्कि इंडस्ट्रियल ग्रोथ भी होगी। एक्सप्रेसवे के किनारे फार्मा, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स से जुड़ी कई बड़ी कंपनियां निवेश करने की तैयारी कर रही हैं। यूपीडा ने उन्नाव नोड पर कुछ इंडस्ट्रीज की स्थापना के लिए भूमि भी आवंटित कर दी है।

यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे पर विभिन्न सेक्टर से जुड़ी इंडस्ट्रीज ने निवेश की इच्छा जताई है। इसमें उन्नाव नोड पर हमने पोलैंड की कंपनी कैनपैक को 60 एकड़ भूमि आवंटित की है। कंपनी करीब ₹1,300 करोड़ का निवेश करेगी। यूनाइटेड ब्रुअरीज (यूबी) को भी 60 एकड़ का प्राइमरी अलॉटमेंट किया गया है। कंपनी के द्वारा ₹900 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इसके अलावा यूएई की कंपनी एक्वाब्रिज भी 60 एकड़ में ₹3,900 करोड़ का निवेश करना चाहती है।